Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps for effective implementaiton of Pradhan Mantri Awaas Yojana.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर) : सभापति महोदय, शून्य काल में मुझे समय देने के लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं । प्रधान मंत्री ग्रामीण अवास योजना हेतु बजट में 80 लाख आवासों के निर्माण हेतु 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने पर मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं । भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011 में कराई गई आर्थिक, सामाजिक, जाति एवं जनजातीय जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश को दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में इस योजना का प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन किया गया है । 30 लाख 39 हजार 272 स्वीकृत आवासों में से 23 लाख 34 हजार 284 आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं । अर्थात् प्रगति 76.80 प्रतिशत है । मुझे यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि मेरे संसदीय क्षेत्र ग्वालियर को प्राप्त कुल 9 हजार 733 आवास के लक्ष्य में से 9 हजार 617 आवास स्वीकृत करके लगभग सभी आवास पूर्ण कराए जा चुके हैं ।

महोदय, वर्ष-2011 के सर्वे के अनुसार यह लगभग 100 प्रतिशत है । इस प्रकार ग्वालियर जिले में आर्थिक, सामाजिक, जाति एवं जनजातीय जनगणना 2011 के अनुसार शत-प्रतिशत हितग्राही रूप से लाभान्वित होना सुनिश्चित हो चुका है ।

माननीय सभापति : आप कृपया अपनी बात रखें ।

श्री विवेक नारायण शेजवलकर : महोदय, इस योजना से छूटे परिवारों को लाभ देने हेतु वर्ष 2017-18 में पुन: किए गए सर्वे के अनुसार मध्य प्रदेश में लगभग 31 लाख हितग्राही पात्र पाए गए हैं ।

माननीय सभापति: आप कृपया अपनी लम्बी बात मत पढ़ें, केवल अपनी बात रखें।

श्री विवेक नारायण शेजवलकर : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश में जिस तरह से सफलतापूर्वक करके लाखों आवासहीनों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं, उसे दृष्टिगत रखते हुए इस योजना हेतु केन्द्रीय बजट में प्रावधान की गई राशि में से मध्य प्रदेश व मेरे संसदीय क्षेत्र ग्वालियर हेतु अधिकाधिक राशि आवंटित करने की कृपा करें। धन्यवाद।